卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 228 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦25 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# हाईस्कूल में सुशांत इंटर में तनु प्रदेश के टॉपर

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल बृहस्पतिवार सुबह जारी हो गया। हाईस्कूल परीक्षा में इस बार टिहरी गढ़वाल के सुशांत चंद्रवंशी ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। इंटरमीडिएट में जसपुर की तनु चौहान ने 97.60 प्रतिशत अंक पाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस बार हाईस्कूल का परीक्षाफल 85.17 प्रतिशत व जबकि इंटरमीडिएट का 80.98 प्रतिशत रहा है। इस साल प्रदेश भर के 2,59,439 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी। गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने बोर्ड सभागार में परीक्षाफल जारी किया। इस साल उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 16 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं। दोनों परीक्षाओं के लिए 1253 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में हाईस्कूल के 1,32,115 जबकि इंटरमीडिएट में 1,27,324 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इस बार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 15 दिन चला। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। किसी कारण असफल होने वाले छात्रों से कहा कि इससे हताश नहीं हों, बल्कि अधिक परिश्रम व सकारात्मक सोच के साथ





आगे की तैयारी में जुटे। बोर्ड सचिव डा. नीता तिवारी ने शांतिपूर्ण परीक्षा संपंन कराने के लिए बोर्ड के अधिकारियों व स्टाफ की सराहना की। परीक्षा परिणाम जारी होने के दौरान परिषद की सचिव नीता तिवारी, अपर सचिव एमसी पाठक, अपर सचिव बीएमएस रावत, उपसचिव सीपी रतूड़ी आदि मौजूद रहे। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंहने भी सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। हाईस्कूल टापर्स की सूची में इस बार टिहरी गढ़वाल के सुशांत चंद्रवंशी ने 99% अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ऋषिकेश के आयुष सिंह रावत एवं रुद्रपुर के रोहित पांडे ने 98.80% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा टिहरी गढ़वाल की शिल्पी ने 98. 60% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बार हाईस्कूल में फुल परीक्षा फल 85.17 प्रतिशत रहा जिसमें बालिकाओं का प्रतिशत 88.94 तथा बालकों का 81. 48 प्रतिशत रहा। इसके साथ ही इंटरमीडिएट में जसपुर उधम सिंह नगर की तनु चौहान 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया इसके अलावा उत्तरकाशी की हिमानी ने 97% अंक प्राप्त कर दूसरा तथा सितारगंज उधम सिंह नगर के राज मिश्रा ने 96 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में कुल परीक्षा फल 80.98 प्रतिशत रहा जिसमें बालकों का 78.48 तथा बालिकाओं का 83.49 प्रतिशत रहा।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## कारपेंटर के बेटे ने बिना ट्यूशन प्रदेश में किया टॉप

देहरादून (उद सवांददाता)। उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले । सुशांत चंद्रवंशी साफ्टवेयर इंजीयिर बनना चाहते



हैं। 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाला यह होनहार मूलरूप से बिहार के बेतिया के रहने वाले ध्रुव प्रसाद राजवंशी का पुत्र हैं। ध्रुव के पिता चिन्यालीसौड़ बाजार में फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। मां ललिता देवी गृहणी हैं। सुशांत ने गणित विषय में पूरे 100 नंबर पाए हैं। जबकि विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत में 99-99, हिंदी में 98 और अंग्रेजी में 95 नंबर हासिल किए हैं। सुशांत ने बताया कि वह बगैर ट्यूशन के ही स्वयं की तैयारी से पढ़ाई करते हैं। रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई कर कठिन विषयों को लगातार पढ़ते हैं। आगे चलकर वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। सुशांत की बड़ी बहन पॉलीटेक्निक कर रही हैं।

## देहरादून को मिली वंदेभारत एक्सप्रेस की सौगात

### पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दिखाई हरी झण्डी

देहरादून (उद संवाददाता)।प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देहरादून से दिल्ली के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा



कि पर्वतमाला योजना उत्तराखंड का भविष्य बदलने जा रही है। ट्रेन शुरू होने से राज्य में आने वाले यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा। वंदे भारत भारत के सामान्य परिवारों की पहली पसंद बनती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी कुछ घंटे पहले ही मैं तीन देशों की यात्रा करके आया हूं आज पूरा विश्व भारत को उम्मीदों से देख रहा है। हमने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, जिस तरह हम गरीबी से लड़ रहे हैं उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून-व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है वो बहुत सराहनीय है। मेरा विश्वास है कि ये देवभूमि (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुठभेड़ में दबोचा अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ उत्तराखण्ड व उधम सिंह नगर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए पुलभट्टा के पास मुठभेड़ में एक अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर को भारी मात्रा में हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी एसटीएफ ने टीम को दस हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल और एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके ने एसटीएफ, साइबर थाना सीओ कार्यालय में मामले का खुलासा



करते हुए बताया कि राज्य में बढ़ते अवैध हथियारों की तस्करी की रोकथाम हेतु पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध हथियारों के तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश के क्रम में सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में एमएफ व थाना पुलभट्टा पुलिस द्वारा एक संयुक्त ऑप्रेशन के तहत कार्यवाही करते हुए गति थाना पुलभट्टा क्षेत्र में एक बड़े अवैध हथियारों के तस्कर इस्तियाक अहमद उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है जिनके 06 अवैध कन्टी मेडे हथियार व कारतूस बरामद किये गये (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेट्रोल टैंकर खाई में गिरने से एक की मौत, दूसरा घायल

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। चंबा-धरासू हाईवे पर नरेंद्रनगर प्लास्डा पुलिस चौकी के समीप एक पेट्रोल टैंकर सड़क से नीचे खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि एक घायल है। जिसे नरेंद्रनगर अस्पताल ले जाया गया है।



गुरुवार सुबह हादसे की जानकारी मिलने पर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए पहुंची। टैंकर लगभग सौ मीटर नीचे खाई में गिरा था। (शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ धाम पहुंचकर बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने मांगा आशीर्वाद

## इमरजेंसी पर आधारित फिल्म में पायलट का रोल करेंगी कंगना

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ धाम में सितारों के आने का सिलसिला जारी है। अभिनेता अक्षय कुमार के बाद मशहूर अभिनेत्री कंगना रणौत बुधवार दोपहर बाद बाबा केदार के दर्शन के लिए केदारनाथ धाम पहुंचीं।





इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच उनके साथ हरिद्वार के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी भी साथ रहे। इससे पहले कंगना हरिद्वार पहुंची थीं। जहां वो गंगा आरती में लीन दिखीं। इससे पहले सारा अली खान सहित साउथ की अभिनेत्री भी केदारनाथ धाम पहुंचीं थीं। बॉलीवुड के मिस्टर खिलाड़ी भी हाल ही में केदानाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंचे थे। वहीं अब अभिनेत्री कंगना रणौत केदारनाथ धाम पहुंचीं। इस दौरान कंगना ने कहा कि कहा, बाबा के दर्शन से सनातन धर्म के प्रति और अधिक आस्था बढ़ी है। बोलीं कि सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करुंगी। वहीं हरिद्वार पहुंचने पर बालीवुड की मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा की 'उनकी बहुत इच्छा थी की वो केदारनाथ धाम के दर्शन करें। उन्होंने कहा की वो सब मशहूर जगह जाएंगी। उन्होंने आगे कहा की वो 2024 के चुनावों के लिए उत्सुक है और उन्हें लगता है की जो 2019 में हुआ था वहीं 2024 में भी होगा। अभिनेत्री ने बताया की वो हमेशा से ही केदारनाथ के दर्शन करना चाहती थी। अब उनकी ये इच्छा पूरी होने जा रही है। कंगना जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में दिखाई देंगी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 से 1977 तक इमरजेंसी लगाई गई थी। ये फिल्म देश में लगी उसी इमरजेंसी पर आधारित है। इस फिल्म को कंगना खुद डायरेक्ट कर रही है। फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, श्रेयस तलपड़े आदि कलाकार शामिल है। इसके अलावा वो तेजस फिल्म का भी हिस्सा होंगी। इस फिल्म में वो एयरफोर्स पायलट का रोल निभाएंगी। इसके साथ ही वो तमिल की फिल्म चंद्रमुखी के रीमेक चंद्रमुखी 2 में भी दिखाई देंगी। ये फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है। इस फलम में कंगना का किरदार राजा के दरबार में डांसर चंद्रमुखी का है।

# गंगोत्री में 5जी साईट एवं चारधाम में फाइबर कनेक्टिविटी कार्य का शुभारंभ

## सीएम ने केंद्रीय संचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय संचार एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखण्ड के पवित्र धाम गंगोत्री में संपूर्ण देश के 2




लाख वीं 5जी साइट व चारधाम में फाइबर कनेक्टिविटी के कार्य का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने उत्तराखण्ड के डिजिटल परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाने हेतु केंद्रीय संचार एवं रेल मंत्री श्री वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को 5जी के तौर पर एक शानदार उपहार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम में से एक गंगोत्री धाम में 5जी सेवाओं की 2,00,000वीं साइट में 5जी सेवाएं प्रारंभ हो रही हैं। यह सेवा न केवल चारधाम यात्रा के लिए लाभकारी सिद्ध होगी बल्कि आसपास के क्षेत्र के गांवों में संचार सेवा के विस्तार के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया सिर्फ एक नाम नहीं है बल्कि ये देश के विकास के विस्तृत विजन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस विजन का लक्ष्य है उस टेक्नोलॉजी को आम लोगों तक पहुंचाना जो लोगों के लिए काम करे व लोगों के साथ जुड़कर काम करे। उन्होंने कहा कि हम लगातार देवभूमि में संचार व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रयासरत हैं। इसमें सभी संचार सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रयास भी संचार सेवाओं के विस्तार में मील का पत्थर साबित होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अक्टूबर 2022 को देश में 5जी की यात्रा का शुभारंभ किया। देश ने टेलीकॉम क्रांति के विभिन्न स्वरूप देखे हैं प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में टेलीकॉम क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, श्रीमती रेखा आर्या, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री मुन्ना सिंह चौहान, श्री खजान दास, श्रीमती सविता कपूर, डी.जी. टेलिकॉम श्री एस.के. जैन, सचिव श्री शैलेश बगौली एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# आईएएस परीक्षा में चयन होने पर युवा पंजाबी महासभा ने किया गरिमा नरूला को सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में आज पंजाबी समाज के अनेक लोगों ने यूपीएससी में पूरे देश में 39 वीं रेंक प्राप्त कर आईएएस बनीं गरिमा नरूला को उनके आवास ईश्वर कालोनी में पहुंचकर बधाई देते हुए उसे आर्शीवाद दिया साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने संयुक्त रूप से गरिमा नरूला को बुकेट देकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री चुघ ने कहा कि गरिमा नरूला ने अपनी इस सफलता से सम्पूर्ण पंजाबी समाज को गौरवान्वित तो किया है साथ ही शहर, प्रदेश का नाम देश में ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि समाज का युवा वर्ग इनसे प्रेरणा लेकर अपना भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश कर सफलता हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ को गरिमा ने सार्थक कर दिखाया है। गरिमा ने घर में



ही रहकर जिस कड़ी मेहनत से अपनी मंजिल पाई है वह सभी युवाओं के लिए अनुकरणीय है। गरिमा ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य हासिल करने का पक्का इरादा है तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। श्री चुघ के साथ आए सभी लोगों ने आईएएस बनी गरिमा नरूला के साथ उनके माता पिता व अन्य सभी परिजनों को भी बधाई देते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान बलजीत सिंह गाबा, पंकज बांगा, अजीत पाल सिंह, पार्षद आयुष तनेजा, मनोज ढींगरा, जतिन नागपाल, राजू मिगलानी, जगजीत सिंह गोल्डी, राजू हुड़िया, चेतन खनिजो, सनी धवन, इकबाल सिंह, नील कंठ राणा व सुनील चुघ आदि मौजूद थे।

# व्याख्यान प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राजकुमार अकादमी, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान प्रतियोगिता में, द विल्बर स्कूल के प्रतिभागियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए, कई पुरस्कार अपने नाम कर, विद्यालय, क्षेत्र व प्रदेश का मान बढ़ाया। द विल्बर स्कूल प्रबंधन ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



व्याख्यान प्रतियोगिता अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई थी।प्रतियोगिता में द विल्बर स्कूल से अंग्रेजी कनिष्ठ वर्ग में गौरांगी यादव, सिमरन बोरा, जानवी अरोरा, अंग्रेजी वरिष्ठ वर्ग में हरकीरत कौर, समीर रिखाले, संकल्प परगाई तथा हिन्दी कनिष्ठ वर्ग में अंशिका टम्टा, निकुंज कुमार, कृतिका बिष्ट, हिन्दी वरिष्ठ वर्ग में आयुषी प्रमाणिक, रक्षित बिष्ट, यशराज तिवारी ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंग्रेजी कनिष्ठ वर्ग में गौरांगी यादव को प्रथम, सिमरन बोरा को तृतीय तथा अंग्रेजी वरिष्ठ वर्ग में समीर रिखाले को द्वितीय, हरकीरत कौर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ, वहीं हिन्दी वरिष्ठ वर्ग में आयुषी प्रामाणिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द विल्बर स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर, सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय क्षेत्र एवं प्रदेश का मान बढ़ाया। प्रमुख शाखा के प्राचार्य सीमा बिसारिया एवं द विल्बर स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार यादव ने, प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष दिव्य कमल चौबे व अंग्रेजी शिक्षिका डिंपल अरोरा को इस कामयाबी पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार अकादमी के संचालन समिति के सदस्य राघव रतन बक्शी ने की।

# सरकारी भूमि पर सड़क बनाकर किया खुर्द बुर्द

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश में सरकारी भूमि के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी प्रशासन को आदेश दे रहे हैं और प्रशासन बैठकें करके विभागों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की बात कह रहा है।वही बैठक में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने को लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे, इस बीच बागेश्वर में अतिक्रमण कम होने का नाम नही ले रहा है, वही जिला मुख्यालय से चंद किमी की दूरी पर स्थित छतीना बैंड के समीप राजस्व भूमि में बिना किसी अनुमति के लगभग दो सौ मीटर सड़क बना डाली।वही रात में मशीनों से खनन पर रोक है उसके बावजूद रातों रात नियमों के विरुद्ध कांडा बागेश्वर मोटर मार्ग पर अचानक लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से खनन कर सड़क बनी दिखी, जिसके बाद मीडिया में खबर छपने के बाद प्रशासन चेता व वहां का निरीक्षण किया। अब प्रशासन चालान करने की बात कह रहा है। प्रदेश में इन दिनों मुख्यमंत्री सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की बात कह रहे हैं परंतु प्रशासन अभी इस पर गंभीर नहीं है जिससे अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद है। मुख्य सड़क के पास ही अतिक्रमणकारियों ने बिना किसी अनुमति के रातों रात जेसीबी चलाकर राजस्व भूमि पर अपने प्रयोग के लिए सड़क बना दी। ग्रामीणों ने इसे कुछ दिन बाद देखा तो राजस्व भूमि में सड़क देखकर कुछ ग्रामीण चौके तथा मीडिया कर्मियों को इसकी जानकारी दी। मीडिया में मामला प्रकाश में आने के बाद प्रशासन हरकत में आया तथा राजस्व पुलिस उपनिरीक्षक भगवती जोशी मौके पर पहुंची तथा मुआयना किया। जिस भूमि पर राजस्व भूमि में अतिक्रमण का मामला सामने आ रहा है वह मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। यहां से प्रतिदिन कई जिम्मेदार अधिकारी, राजस्व कर्मचारी आते जातेहैं परंतु इस पर किसी की नजर नहीं पड़ी जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है।

'' असल स्थिति पता करने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक और निरीक्षक से मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद यदि सड़क सरकारी भूमि पर बनाई गई होगी तो सड़क काटने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी'

**- दीपिका आर्या, तहसीलदार बागेश्वर**

# ढूंगाधारा मार्ग में चौपहिया वाहनों का संचालन बंद कराने की मांग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कांग्रेस के पूर्व जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा को पत्र सौंपकर एडम्स ढूंगाधारा मार्ग में वाहनों के आवागमन को बंद किए जाने की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में श्री कर्नाटक ने कहा कि एडम्स से ढूंगाधारा को जाने वाला रास्ता बेहद संकीर्ण है। इस मार्ग में मानस पब्लिक स्कूल, एडम्स स्कूल, विवेकानंद विद्या मंदिर,सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल स्थित है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय जाते हैं । यदि वास्तविक रूप में देखा जाए तो यह मार्ग केवल पैदल चलने एवं दोपहिया वाहनों के लिए ही बना हुआ है। वर्तमान में इस रास्ते में टैक्सी वाहन, पिकअप एवं अन्य वाहन मनमाने तरीके से चल रहे हैं जिससे स्कूली बच्चों एवं उनके अभिभावकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दोनों



ओर से चौपहिया वाहन आने पर इस रास्ते में जाम की स्थिति भी लगातार बन रही है। बेपरवाह दौड़ते भारी वाहन कभी भी इस रास्ते में दुर्घटना का सबब बन सकते हैं । बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया कि एडम्स स्कूल से ढूंगाधारा मार्ग में दिन के समय चौपहिया वाहनों को पूरी तरह से बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि आज की स्थिति में बेहद आवश्यक है कि इस रास्ते पर चौपहिया वाहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो।यदि ऐसा संभव नहीं है तो विद्यालय के समय में प्रात: 8बजे से 10 तक एवं दोपहर 2बजे से सायं 4 बजे तक चौपहिया वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखा जाए।उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के चलने से इस रास्ते को भी लगातार नुकसान पहुंच रहा है एवं चौपहिया वाहनों के चलने से प्रात: नौकरी, व्यवसाय इत्यादि में जाने वाले दो पहिया वाहन चालक भी इन भारी वाहनों के चलने से लगने वाले जाम से परेशान हो रहे हैं।

# उद्योगपति योगेश जिंदल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## बेतुके नियम और अनावश्यक टैक्स औद्योगिक विकास में बन रहे बाधक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश में समय समय पर भूमि संबंधी नियमों में बदलाव और उद्योगों पर अनावश्यक रूप से लगाये जा रहे टैक्स औद्योगिक विकास में बाधक बन रहे हैं। इससे निवेशकों की प्रदेश में निवेश में रूचि



कम हो रही हैं। इस सम्बंध में काशीपुर के उद्योगपति योगेश जिंदल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर उद्योगपतियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए नियमों का सरलीकरण और अनावश्यक टैक्स रोकने की मांग की है। सीएम को लिखे पत्र में उद्योगपति जिंदल ने कहा है कि प्रदेश के विकास में समय-समय पर कुछ इस तरह के परिवर्तन हो रहे है जिनसे जिससे प्रदेश एवं बाहर से आने वाले निवेशकों में संशय बना रहता है। श्री जिंदल का कहना है कि औद्योगिक आस्थानो में स्थापित उद्योगों पर नगर निकायों अथवा नगर पंचायतों द्वारा अनावश्यक रूप से, अवैज्ञानिक रूप से कर आरोपित किया जा रहा है। पूर्व में जिला पंचायत द्वारा कर आरोपित किया गया था माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 2012 मे दिये गये निर्णय में इसको गलत ठहराया गया। लेकिन वर्तमान में उन्ही क्षेत्रो को नगर निगम सीमा में लेने के पश्चात नगर निगम द्वारा उद्योग कर दर, समान्य दर से दो गुना से पांच गुना रखी गयी है जोकि न्यायसंगत नही है । औद्योगिक विनिमय क्षेत्र घोषित करते समय यह प्रावधान किया गया था कि औद्योगिक आस्थान के रख रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास का कार्य आस्थान के प्रमोटरो द्वारा स्वयं किया जायेगा। उक्त क्षेत्रो का रख रखाव औद्योगिक आस्थान स्वत: ही करते आ रहे है और इसमें नगर निगम का कोई भी सहयोग कभी भी प्राप्त नही हुआ है। काशीपुर महायोजना 2041 के अंर्तगत पिछले 15 वर्षों से स्थापित उद्योगों को भी डेविएटेड इंडस्ट्री में रखकर अनावश्यक रूप से हतोत्साहित किया जा रहा है। नारायण नगर इण्डस्ट्रियल स्टेट की घोषणा उत्तराखण्ड शासन औद्योगिक विकास विभाग द्वारा सन् 2005 में की गयी थी और इसका विस्तार 2016 की अधिसूचना से किया गया था। उक्त आस्थान में लगी हुयी इकाईयों के नक्शे राज्य औद्योगिक विकास अधिकरण के द्वारा अनुमोदित किये जाते है। इस सब के बाद भी इन्हें डेविएटेड इंडस्ट्री में अंकित करना विचारणीय है। उद्योगपति जिंदल ने पत्र में आगे कहा कि सर्किल रेट इस सीमा तक बढ़ा दिये गये है कि किसी उद्योग को अन्य उद्यमी को हस्तांतरित करने की संभावनायें समाप्त हो गयी हैं। वर्तमान में लागू जमीनों के सर्किल रेट 13.01.2020 को लागू दरो से दो गुना से तीन गुना कर दिये गये हैं इससे औद्योगीकरण के लिए खरीदी जाने वाली भूमि पर स्टाम्प की दर अत्यधिक हो गयी है। इसी तरह से बाजपुर में दिनांक 03.10.2020 को जिलाधिकारी द्वारा 4805 एकड़ जमीन की खरीद-बेच रोक दी गयी है। उक्त भूमि में क्रय-विक्रय के अधिकार समाप्त कर दिये है तदोपरांत भूमि का लेंड यूज भी बदला नहीं जा सकता जिन उद्यमियों ने बाजपुर में उद्योग लगाने के लिए शासन द्वारा एमओयू कर भूमि खरीदने के अनुबंध किये थे वे सभी अधर में अटक गये है। जिंदल ने बताया कि हमारे ग्रुप द्वारा भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर इनवेस्टर समिट 2018 में बाजपुर में उद्योग लगाने के लिए एमओयू साइन कर भूमि खरीदने हेतु निवेश किया था लेकिन वह सभी निवेश अधर में हैं । पत्र में श्री जिंदल ने सीएम से अनुरोध किया है कि प्रदेश की प्रतिष्ठा व विकास को ध्यान में रखते हुये उद्योगो के स्थापित होने के पश्चात अनेक प्रकार के कर व उससे होने वाले विकास से होने वाले राजस्व का आंकलन किया जाये। उत्तर प्रदेश के विकास के वृहद आकलन के अनुसार ही उत्तराखण्ड में प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी सोच और दूरदर्शिता को भी दूरगामी बनाना होगा जिससे पूंजी विनियोजन के प्रदेश में अवरोधों व दूर तक जा रही नकारात्मक छवि को सुधारा जा सके।

# पर्यावरण पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में निजा अव्वल

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व को समर्पित पर्यावरण संरक्षण पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित



किया गया । श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई पर्यावरण संरक्षण पोस्टर प्रतियोगिता में अनेकों बच्चों ने भाग लिया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह एवं गुरुनानक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य चंपा पांडे के दिशा निर्देशन में कक्षा 6, 7 एवं 8 के अनेक बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की चित्रकारी करते हुए चित्रों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को प्रदर्शित किया । जिसमें निजा प्रथम, आंचल द्वितीय को सम्मानित करने के अलावा सोनाक्षी, डोली, अजमी, मोईन एवं उजमा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि वर्तमान समय में जो प्रदूषण दुनिया भर में फैल रहा है उसके निराकरण के लिए बच्चों को प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया जाना सराहनीय कदम है उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभासद संजीव झाम ने कहा कि बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई गई पेंटिंग एक सराहनीय कदम है और ऐसे प्रयास सभी स्कूली बच्चों को करवाए जाने चाहिए ताकि प्रतियोगिता के माध्यम से उनका पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक होना बना रहे। इस दौरान निर्णायक की भूमिका भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज, प्रधानाचार्य चंपा पांडे तथा समाजसेवी हरविंदर सिंह ग्रोवर द्वारा निभाई गई। इस दौरान गणमान्य भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना भाजपा नेता राजेश गुंबर मिन्नी,महेंद्र कालड़ा, कपिल गंडा, संदीप बत्रा, बकुल अरोरा,कुणाल रस्तोगी, कुलविंदर सिंह के अलावा शिक्षिका सर्वजीत कौर,रितु,सरिता, ज्योति, शाइना, दिशा एवं दिव्या, परिचारिका रेखा एवं विमला सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे ।

## नानकमत्ता के चंद्रकांत ने यूपीएससी में प्राप्त की 75वीं रैंक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।यूपीएससी की ऑल इंडिया में 75 वी रैंक हासिल करने वाले नानकमत्ता निवासी चंद्रकांत बगोरिया ने बताया कि उनकी कामयाबी में माता-पिता गुरुजनों भरपूर सहयोग मिला है, अभी वर्तमान में वह लखनऊ में तैनात है, भविष्य में मसूरी में ट्रेनिंग करने के पश्चात जो भी विभाग मिलेगा उसका जिम्मेदारी पालन करेंगे, खासकर जनता की समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकता होगी, उनके पिता लेक्चरर के पद पर अल्मोड़ा में तैनात है, वर्ष 2022 में चंद्रकांत बगोरिया ने पांचवी रैंक प्राप्त की थी, उनके छोटे भाई मनोज बगोरिया भी यूपीएससी की परीक्षा पास कर बी डी ओ की ट्रेनिंग ले रहे हैं, वर्तमान में उनका परिवार रुद्रपुर में रह रहा है, उनकी कामयाबी पर क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, नानकमत्ता नगर पंचायत के चेयरमैन प्रेम सिंह, अध्यापक दया शंकर शर्मा, के एन अटवाल, उमेश अग्रवाल, हीरा चंद, धर्म सिंह बिष्ट आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## ढ़ावा स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा बार बार चेतावनी देने के बाद भी सड़क किनारे से अवैध रूप से बनाया ढ़ाबा न हटाने पर पुलिस ने ढ़ाबा स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। रामपुर राजमार्ग में महेश कुमार पुत्र राम पाल निवासी प्रीत बिहार द्वारा हैप्पी दा ढाबा नाम से एक ढाबा राष्ट्रीय राजमार्ग में संचालित किया जा रहा था । ढाबा हटाने के लिए पुलिस ने पूर्व में भी बताया था तथा चालान भी किया था । साथ ही नोटिस भी दिया था। बावजूद इसके महेश ने अपना ढ़ाबा नहीं हटाया। जिस पर पुलिस ने महेश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया।

## हाईस्कूल में नानकमत्ता की प्रियांशी को मेरिट में 12वां स्थान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा प्रियांशी जुकरिया ने 96 प्रतिशत अंक पाकर



मेरिट में 12 वां स्थान प्राप्त किया है। प्रियांशी के पिता सरस्वती शिशु मंदिर नानकमत्ता के प्रधानाचार्य है। जबकि माता ग्रहणी है। प्रियांशी ने बताया कि उनके माता पिता की मेहनत और उनकी लगन से वह मैरिट में आई है, वही हर्षित डुगराकोटी ने 15 वां स्थान प्राप्त किया है। हर्षित के पिता खिलानन्द व माता गीता देवी ने उसकी कामयाबी पर हर्ष जताया है। इण्टर के परिणाम में श्रीमती खीमा जोशी मैमोरियल इण्टर कालेज नानकमत्ता ने मेरिट में अंशिका गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता ने 34 वां स्थान प्राप्त कर 94 प्रतिषत अंक प्राप्त किये है। श्रीमती खीमा जोशी मैमोरियल इण्टर कालेज की गायत्री पलयाल पुत्री हुकुम सिंह मैरिट में 70 वां स्थान प्राप्त कर 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। गीता जोशी पुत्र कमलेश चन्द्र जोशी ने 88 वां स्थान पाकर 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

## उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल के टॉप 10

| | |
|---|---|
| 1 सुशांत चन्द्रवंशी टिहरी गढ़वाल | 99.00 प्रतिशत |
| 2 आयुष सिंह रावत ऋषिकेश | 98.80 प्रतिशत |
| 2 रोहित पाण्डे रूद्रपुर | 98.80 प्रतिशत |
| 3 शिल्पी टिहरी गढवाल | 98.60 प्रतिशत |
| 3 शौर्य काशीपुर | 98.60 प्रतिशत |
| 4 कोमल कुमारी | 98.40 प्रतिशत |
| 4 नारायण जोशी चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी | 98.40 प्रतिशत |
| 4 आर्ची पुण्डीर, टिहरी गढ़वाल | 98.40 प्रतिशत |
| 4 स्नेह लता जोशीमठ चमोली | 98.40 प्रतिशत |
| 5 कशिश काण्डपाल रानीपुर हरिद्वार | 98.00 प्रतिशत |
| 5 ज्योति जोशी मंडलसेरा बागेश्वर | 98.00 प्रतिशत |
| 5 अनमोल कालाढुंगी नैनीताल | 98.00 प्रतिशत |
| 6 माधवी नेगी पौड़ीगढ़वाल | 97.80 प्रतिशत |
| 6 कार्तिकेय कुमार | 97.80 प्रतिशत |
| 6 पल्लवी जोशी गरूड़ बागेश्वर | 97.80 प्रतिशत |
| 6. अक्षिता भट्ट, बाजपुर | 97.80 प्रतिशत |
| 6 निखिल मौर्या सितारगंज | 97.80 प्रतिशत |
| 7 समीक्षा गर्ग हरिद्वार | 97.60 प्रतिशत |
| 7 अंशिका उत्तरकाशी | 97.60 प्रतिशत |
| 7 शोभित बिष्ट पौड़ी गढवाल | 97.60 प्रतिशत |
| 7 शिवम पंत चमोली | 97.60 प्रतिशत |
| 7 अनिरूद्ध , रूद्रप्रयाग | 97.60 प्रतिशत |
| 7 तनुज जोशी नानकमत्ता | 97.60 प्रतिशत |
| 8 हिमांशी रावत देहरादून | 97.40 प्रतिशत |
| 8. कृष्ण सिंह राणा उत्तरकाशी | 97.40 प्रतिशत |
| 8आयुष राना टिहरी गढ़वाल | 97.40 प्रतिशत |
| 8 आयुष सिंह बिष्ट पिथौरागढ़ | 97.40 प्रतिशत |
| 8 पावनी वर्मा बागेश्वर | 97.40 प्रतिशत |
| 8 गुंजन जोशी सितारगंज | 97.40 प्रतिशत |
| 9 पियूष देहरादून | 97.20 प्रतिशत |
| 9 मनीष चौहान उत्तरकाशी | 97.20 प्रतिशत |
| 9 गोपाल सिंह राणा उत्तरकाशी | 97.20 प्रतिशत |
| 9रूद्रांशी डिमरी पौड़ी गढ़वाल | 97.20 प्रतिशत |
| 9 ध्रुव रावत चमोली | 97.20 प्रतिशत |
| 9 रोहित चन्द्रा बागेश्वर | 97.20 प्रतिशत |
| 9 सागर सिंह गरूड़ बागेश्वर | 97.20 प्रतिशत |
| 9 मोहित मेलकानी हल्द्वानी | 97.20 प्रतिशत |
| 9 उशिका चौहान काशीपुर | 97.20 प्रतिशत |
| 9 नितिश साहू सितारगंज | 97.20 प्रतिशत |
| 10 कशिश पंत हरिद्वार | 97.00 प्रतिशत |
| 10 आस्था देहरादून | 97.00 प्रतिशत |
| 10 मानसी देहरादून | 97.00 प्रतिशत |
| 10आस्था टिहरी गढवाल | 97.00 प्रतिशत |

## उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा इंटर के टॉप 10

| | |
|---|---|
| 1 तनु चौहान जसपुर | 97.60 प्रतिशत |
| 2 हिमानी चिन्यालीसौड़ | 97.00 प्रतिशत |
| 3 राज मिश्रा सितारगंज | 96.60 प्रतिशत |
| 4 दीपांजली गोस्वामी खैरना नैनीतताल | 96.40 प्रतिशत |
| 4 उज्जवल सिंह बिष्ट चुकटी देवरिया किच्छा | 96.40 प्रतिशत |
| 5 सागर नेगी देहरादून | 96.20 प्रतिशत |
| 6 प्रियंका काण्डपाल धौलाखेड़ा | 96.00 प्रतिशत |
| 6 अल्तमस रामनगर नैनीताल | 96.00 प्रतिशत |
| 6 प्रियांश चौहान जसपुर | 96.00 प्रतिशत |
| 7 आलोक भंडारी रूद्रप्रयाग | 95.60 प्रतिशत |
| 7 अरनिक समद्दार सितारगंज | 95.60 प्रतिशत |
| 8 अमनप्रीत कौर जसपुर | 95.40 प्रतिशत |
| 8 मोहित पाण्डे सितारगंज | 95.40 प्रतिशत |
| 9 साहिल हरिद्वार | 95.20 प्रतिशत |
| 9 वंश हरिद्वार | 95.20 प्रतिशत |
| 9 दिव्यांश भट्ट उत्तरकाशी | 95.20 प्रतिशत |
| 9 सौम्य जोशी चंपावत | 95.20 प्रतिशत |
| 9 रोहित माहरा जसपुर | 95.20 प्रतिशत |
| 9 सना परवीन जसपुर | 95.20 प्रतिशत |
| 9 कंचन जसपुर | 95.20 प्रतिशत |
| 10 ज्योतिका दुमका हल्दूचौड़ | 95.20 प्रतिशत |
| 10 महिमा जसपुर | 95.20 प्रतिशत |

# मारपीट में महिला समेत तीन नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला अल्ली खां निवासी साबरी बेगम पत्नी अब्दुल हमीद ने बताया कि उसके देवर अब्दुल रशीद नश्तर पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद नश्तर ने पूर्व में उसके परिवार के खिलाफ न्यायालय से झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। हालिया घटनाक्रम के बारे में महिला ने पुलिस को बताया कि बीते 13 मई को लगभग 12:00 बजे देवर अब्दुल रशीद की पत्नी आयशा परवीन उसका पुत्र सुभान तथा दो अज्ञात धड़धड़ाते हुए घर में घुस आए और गाली गलौज झगड़ा फसाद करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। आरोपियों ने कहा कि मकान तुरंत खाली कर दो वरना इस घर से तुम्हारी लाश निकलेगी। घटना को अंजाम देते हुए सुभान नामक आरोपी ने शिकायत करने वाली महिला के पुत्र वधू के कपड़े फाड़ दिए तथा उसके साथ अश्लीलता करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो सभी आरोपियों ने एक राय होकर उसकी बुरी तरह पिटाई की। इस दौरान प्रार्थी के पुत्र अजीम तथा बबली ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो सुभान ने चाकू निकाल लिया और अजीम पर चाकूओं से ताबड़तोड़ हमले करते हुए उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। शोर-शराबा होने के कारण मौके पर जब भीड़ जमा होने लगी तो सभी तीनों आरोपी वहां से धमकी देते हुए फरार हो गए।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# विदेशी मेहमानों ने ऋषिकेश में की गंगा आरती

## जी 20 समिट की दूसरी बैठक के लिये पहुंचे परमार्थ निकेतन आश्रम में जी20 डेलीगेट्स का भव्य स्वागत

## ताज होटल में विदेशी मेहमानों को परोसा उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों से तैयार शुद्ध शाकाहारी भोजन





ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में जी 20 समिट की दूसरी बैठक के लिये पहुंचे विदेशी डेलीगेट्स बुधवार को परमार्थ निकेतन आश्रम में सांध्यकालीन गंगा आरती में शामिल हुए। गंगा की आलौकिक खूबसूरती को देखकर विदेशी मेहमान अभिभूत हो गए और इस मनोरम दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया। कई मेहमानों ने आरती का लाइव प्रसारण भी किया। आरती के दौरान आश्रम के ऋषिकुमार आकर्षण का केंद्र रहे। आरती से पहले ऋषिकुमारों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद ध्वनि के साथ डेलीगेट्स का भव्य स्वागत किया। सभी मेहमानों को मोगरा के फूलों की माला और पगड़ी पहनाई गई। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग पगड़ी थी। शिव स्तुति करपूर गौरमं करुणावतारम श्लोको से गंगा आरती का शुभारंभ हुआ। गंगा आरती करने के बाद विदेशी मेहमानों ने हाथों में रुद्राक्ष का पौधा लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। ध्यान की मुद्रा में सभी ने मां गंगा से पर्यावरण की रक्षा करने की प्रार्थना की। अस्तो मां ज्योतिंगमय के साथ आरती का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान ग्रुप फोटो भी क्लिक किया गया, जिसमें भारतीय और पाश्चात्य सभ्यता का समागम दिखा। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, साध्वी भगवती सरस्वती आदि शामिल थे। परमार्थ निकेतन की ओर से डेलीगेट्स को आश्रम की ओर से उत्तराखंड की जैविक हल्दी, रुद्राक्ष का पौधा और आश्रम की कुछ आध्यात्मिक पुस्तिकाएं भेंट किए गए। इसके अलावा मेहमानों को गांधीजी के संदेशों की पुस्तिका भी दी गई। आश्रम प्रबंधन ने बताया कि गांधी जी ने प्रकृति को लेकर जितने भी संदेश दिए, उनका संकलन कर एक पुस्तिका बनाई गई थी जो डेलीगेट्स को दी गई। गंगा आरती के बाद सभी डेलीगेट्स को पर्यावरण संरक्षण, हरित व सतत टिकाऊ विकास का संकल्प भी दिलाया गया। गंगा आरती स्थल पर सभी ने दो मिनट का ध्यान योग भी किया। वहीं जी-20 शिखर सम्मेलन की दूसरी बैठक के लिए उत्तराखंड पहुंचे विदेशी मेहमानों ने गंगा तट पर आध्यात्मिक वातावरण में रात्रि भोज का लुत्फ उठाया। विदेशी मेहमानों को शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा गया, जिसमें खास तौर पर उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों का समावेश किया गया। गंगा तट पर दिव्यता और भव्यता के साथ आध्यात्मिक वातावरण में सहभोज का कार्यक्रम मेहमानों को मंत्रमुग्ध करने वाला था। ताज होटल ऋषिकेश के एक्जीक्यूटिव सेफ राकेश राणा के निर्देशन में विदेशी मेहमानों के लिए लजीज भारतीय शाकाहारी भोजन यहां तैयार किया गया। जिसमें 150 से अधिक व्यंजन शामिल थे। इस भोज में विशेष रूप से उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया गया। उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को पारंपरिक अंदाज में ही पारंपरिक बर्तनों पर परोसा गया। काफली, फाणू, भट की चुटकानी, झंगोरे की खीर, पल्लर, बाल मिठाई, सिंगोरी, कोदे की रोटी और कुकीज विदेशी मेहमानों को खूब भाए। इसके अलावा भारत के विभिन्न प्रांतों के पारंपरिक व्यंजन भी मेहमानों को परोसे गए। जिसमें अवधि और पंजाबी भोजन खास तौर पर शामिल किया गया। विदेशी मेहमानों के लिए कुछ चायनीज व इटेलियन भोज भी रखा गया था। मगर, अधिकांश मेहमानों ने भारतीय भोजन को ही पसंद किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत की ओर दिए गए प्रस्ताव पर वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। जी-20 सम्मेलन के मेहमानों को ऋषिकेश में दिए गए रात्रिभोज में मोटा अनाज को विशेष रूप से शामिल किया गया। इसके लिए डायनिंग हाल में अलग से एक मिलेट काउंटर तैयार किया गया था। जी-20 के मेहमानों को दिए गए रात्रिभोज में एक विशेष काउंटर ड्रिंक व माकटेल का भी बनाया गया था।

# हुनरमंद और शिक्षित होने से आयेगी खुशहाली: डीएम

## डीएम ने किया सिलाई कढ़ाई तथा टैली विद जीएसटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने प्रधान कार्यालय मदरसा जामियातुल हसनात सीरगोटिया पहुंचकर मुख्यमंत्री हुनर योजना के अन्तर्गत सिलाई कढ़ाई तथा टैली विद जीएसटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हुनरमंद इंसान को कोई भी आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी इच्छा के अनुसार ही हुनर सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि परंपरागत तकनीकी पर आधारित हुनर की अपेक्षा वर्तमान तकनीकी पर आधारित तकनीकी हुनर पर विशेष ध्यान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने प्रधान कार्यालय मदरसा जामियातुल हसनात सीरगोटिया पहुंचकर मुख्यमंत्री हुनर योजना के अन्तर्गत सिलाई कढ़ाई तथा टैली विद जीएसटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि परंपरागत तकनीकी पर आधारित हुनर की अपेक्षा वर्तमान तकनीकी पर आधारित तकनीकी हुनर पर विशेष ध्यान हुनरमंद इंसान को कोई भी आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी इच्छा के अनुसार ही हुनर सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हुनरमंद और शिक्षित होने से घर में खुशहाली, समृद्धि आएगी तथा निश्चित ही आय में भी वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छी तालीम के साथदृसाथ हुनर का होना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर अच्छा हो। उन्होंने यूपीएससी रिजल्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि बालिकाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं, एक तिहाई से ज्यादा सीटों पर महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी परीक्षा के राज्य की टॉपर उधम सिंह नगर जनपद से है। उन्होंने कहा कि जब तक बालिकाओं की तालीम अच्छी नहीं होगी तब तक परिवार में बच्चों को की शिक्षा, नैतिक शिक्षा प्रभावित होती रहेगी क्योंकि माताएं बच्चों की परवरिश में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर ब्यूटीशियन का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बालिकाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। रजा टेक्निकल एंड एजुकेशनल सोसायटी ऑफ इंडिया के सचिव फैजान रजा रिजवी ने बताया कि सिलाईदृकढ़ाई में 40 तथा टैली विद जीएसटी में 40 बच्चों को कुल 80 बालक एवम बालिकाओं को मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष अय्यूब खान, उपाध्यक्ष महोम्मद मन्नान रजा, मौलाना इरफानुल हक कादरी, इख्तियार बबलू, शकील अहमद, सिब्ते नबी, इशरत, मुफ्ती दानिश, शादाब लियाकत सहित प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# बाल संस्कार शिविर में बच्चों को दी विभिन्न जानकारियां

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्ट एंड क्राफ्ट एक्सपर्ट श्रीमती रीना गाबा,





भारत विकास परिषद की शाखा गदरपुर के संरक्षकगण रविन्द्र बजाज , डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद धवन, अशोक कुमार भुड्डी द्वारा दीप प्रज्वलन तथा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण करके किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा देश भक्ति गीत 'देश हमें देता है सब कुछ का पाठ किया गया। शाखा संरक्षक रविंद्र बजाज द्वारा दिए गए प्रबोधन में भारत विकास परिषद की स्थापना और इसके उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से बताया गया। संरक्षक डॉ. अजय श्रीवास्तव द्वारा नेत्रों और दांतों में होने वाली बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है इस बारे में जानकारी दी गई। संरक्षक डॉ. अरविंद धवन ने बच्चों को संस्कारित होने के साथ अपने धर्म के प्रति भी जागरुक होने का संदेश दिया और सबको हनुमान चालीसा कंठस्थ करने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रीना गाबा जी ने आर्टस, काफ्टस और कैलीग्राफी के गुर बच्चों को सिखाये और इस कला के प्रति रुचि जगाई। महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, उप महिला संयोजिका श्रीमती किरण डाबर तथा मंच संचालिका सुश्री अंजलि अनेजा द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और बच्चों को गेम भी करवाये। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अन्त में बच्चो को अल्पाहार वितरित किया गया और राष्ट्रीय गान के साथ शिविर के तृतीय दिवस का समापन किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार गगनेजा, सचिव प्रमोद बजाज, मनोज डाबर, श्रीमती सरोज बजाज, श्रीमती किरण अनेजा, श्रीमती सपना आहूजा एवं श्रीमती मीनाक्षी कुकरेजा ने अपनी अहम भूमिका निभा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तम सहयोग किया।


# गदरपुर में ईडी ने कारोबारी को हिरासत में लिया

गदरपुर(उद संवाददाता)। ईडी ने छापा मारकर एनएच-74 घोटाले के एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी को पूछताछ के लिए टीम देहरादून लेकर रवाना हो गई। बता दें कि गदरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिरिधर नगर निवासी चरन सिंह को कुछ वर्ष पूर्व एनएच-74 के फर्जी तरीके से मुआवजा लेने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मामले की जांच चल रही थी जिसमें चरन सिंह जमानत पर रिहा होकर आया था। मामले की जांच एसआईटी द्वारा की जा रही



थी। चरण सिंह ने गदरपुर में ज्ञान विहार कॉलोनी के मोड़ पर सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी खोली हुई है।जहां बुधवार दोपहर करीब दो बजे चार गाड़ियों में सवार होकर आए पुलिस बल के बीच ईडी के अधिकारियों की टीम ने चरन सिंह को हिरासत में ले लिया और आनन-फानन में देहरादून की ओर ले गए। पूरी कार्रवाई गुप्त तरीके से हुई जिसकी स्थानीय पुलिस को भी भनक नहीं लगने दी गई। कुछ मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे पर उन्होंने किसी भी तरीके की जानकारी देने से मना कर दिया।

# गरिमा और सांगी को राज्यपाल ने किया सम्मानित





पंतनगर (उद संवाददाता)। यूपीएससी परीक्षा में 39 रैंक प्राप्त करने वाली गरिमा नरूला तथा 305 रैंक प्राप्त करने वाली सांगी पटेरिया ने तराई भवन पहुंचकर राज्यपाल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। राज्यपाल ने बेटियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ये सफलता केवल आपकी सफलता नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति, परिवार की सफलता है जो बेटियों को आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां ईश्वर का वरदान होती हैं। राज्यपाल ने गरिमा की 39 रैंक से प्रभावित होकर, वाइस चांसलर जीबी पंत यूनिवर्सिटी तथा जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि बालिकाओं के लिए यूनिवर्सिटी के अंदर सुपर-39 का प्लान तैयार किया जाए, जिसमे बालिकाओं को आधारभूत सुविधाएं, पढ़ाई का माहौल व सुरक्षित वातावरण दिया जाए। उन्होंने कहा कि यूपीएससी एग्जाम सब कुछ परख लेता है, आप सिस्टम के परखे हुए हैं और एक नई पारी की शुरआत कर रहे हैं। उन्होंने आर्मी में 10 फीट वॉल (कमांडो ट्रेनिंग) का उदाहरण देते हुए कहा कि आगे बढ़ाने वालों को कभी नहीं भूलना चाहिए, बल्कि उन्हें भी साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष जितना ज्यादा फलदार होता है, उतना ही लचीला भी होता है। राज्यपाल ने पटेरिया तथा नरूला को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ने की इच्छुक गरीब बालिकाओं को चिन्हित कर, उन्हें पढ़ाई का माहौल देने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित में कुछ कर-गुजरने का पेशंस होना चाहिए, यदि जीवन में पेशंस नहीं हुए तो पेशंट बन जाएंगे। राज्यपाल के पंतनगर पहुंचने पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, वीसी एमएस चौहान, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्प देकर स्वागत किया तथा पुलिस विभाग द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



# शानदार सफलता पर गरिमा को बधाई देने घर पहुंचे मण्डलायुक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मण्डलाआयुक्त दीपक रावत ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में पहले ही प्रयास में 39वीं रैंक प्राप्त करने वाली गरिमा नरूला पुत्री विपिन नरूला व शारदा नरूला के निवास स्थान ईश्वर कालोनी रूद्रपुर पहुंचकर बुके व मोमेन्टो देकर शुभकामनाएं व बधाई दी। मण्डलाआयुक्त ने सभी छात्र-छत्राओं के लिए कहा कि जरूरी नही है कि हम बड़े-बड़े शहरो में जाकर ही परीक्षाओं की तैयारियां करें तभी हम सफल होंगे अगर



मन में ठान लें कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही है तो कोई भी काम मुश्किल नही है। श्री रावत ने गरिमा नरूला व उनके माता-पिता से बातचीत की। आयुक्त ने गरिमा के घर पर ही पढ़ने व उनके इस सफलता को पाने के संर्घष के बारे में बातचीत कर बताया कि गरिमा ने शुरूआती पढ़ाई आरएएन स्कूल से की व 2017 में इंटर में उधमसिंह नगर टॉपर भी बनी। मण्डलाआयुक्त ने समस्त नरूला परिवार को बधाई देते हुए खुशी जताई। इस अवसर पर बधाई देने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, एडीएम जयभारत सिंह, एसडीएम मनीष बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल के साथ ही अन्य सम्बन्धीगण उपस्थित

# जनहित की योजनाएं धरातल पर उतारना प्राथमिकता: वंदना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जनपद की नवनियुक्त जिलाधिकारी आईएएस वंदना सिंह चौहान ने यहां पत्रकारों को नैनीताल जिले में अपनी प्राथमिकता गिनाई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिले में यातयात, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना



उनकी प्राथमिकता रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि नैनीताल जिला भौगोलिक रूप से काफी बड़ा भी है तो ऐसे में कोशिश रहेगी कि वे सभी शहरों में संतुलित होकर समय दें। आईएएस वंदना चौहान इससे पहले नैनीताल में एसडीएम रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल नगर की परिस्थितियों से वे वाकिफ है। हल्द्वानी समेत जिले की सड़कों को सुधारने का काम किया जाएगा ताकि पर्यटक अपने साथ नैनीताल जिला भ्रमण का सुगम अनुभव लेकर लौटे। जाम की समस्याओं को लेकर उन्होंने कहा कि बाईपास और वनवे मार्ग जैसे विकल्पों पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसा करने वालों पर एक्शन जरुर लिया जाएगा।

# जर्जर सड़क को पुन: बनाने के लिए प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)।नेशनल हाईवे एनएच 74 से बलखेड़ा गांव को जाने वाली सड़क के हाल बेहाल हो गए हैं जिसको लेकर बल खेड़ा गांव के ग्रामीण एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर सड़क निर्माण किए जाने की मांग की है समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसील कार्यालय में रजिस्टार कानूनगो को सौंपा और बताया की सड़क



बहुत जर्जर हालत में हो गई है और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है पिछले लगभग 20 वर्ष से सड़क निर्माण नहीं हुआ है नेशनल हाईवे से लगभग डेढ़ किमी तक सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिस कारण ग्रामीणों को काफी लंबे समय से समस्या का सामना करना पड़ रहा है और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हर्ष शर्मा ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाए इस दौरान समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नितिन कटारिया, रहमान तुर्क, सोहेब अहमद, करण, जतिन, नवेद, गोपी, यश, जिलानी, रागीब वही ग्रामीण सद्दीक हुसैन, इकबाल हसन, रियाजुल हसन, मोहम्मद हसन, तालिब, आरिफ, नामे अली, युसूफ, नासिर, जहांगीर आदि लोग मौजूद रहे।

# सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गरिमा को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश में 39 वां स्थान प्राप्त कर रुद्रपुर ही नहीं अपितु संपूर्ण उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन करने वाली गरिमा नरूला को उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी और स्वागत किया। उन्होंने गरिमा को शॉल ओढ़ाकर और फूलों



का गुलदस्ता देकर उनके सुखद और सफल भविष्य की कामना की। इधर श्रीमती शर्मा ने कालाढूंगी नैनीताल निवासी दीक्षिता जोशी 58 वी रैंक बागेश्वर जनपद निवासी कल्पना पांडे 102 वी रैंक चमोली जनपद की मुद्रा गैरोला 165 वी रैंक एवं रुद्रप्रयाग जनपद की कंचन डिमरी ने 644 वी रैंक प्राप्त कर संपूर्ण प्रदेशवासियों को गौरवान्वित करने वाली इन पांचों ही बेटियो को अपनी तरफ से भी ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उन्हें प्रदेश कि अपनी इन पांचों बेटियों पर गर्व है और वह उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देती हैं स और इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं।

# केंद्रीय नोडल अधिकारी ने किया जल शक्ति केंद्र का निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। केन्द्रीय नोडल अधिकारी, नेशनल वाटर मिशन श्रीमती गरिमा श्रीवास्तव, आईआरपीएस, सेकेट्री, एएसआरबी तथा श्रीमती चिराश्री मोहंती, साइनटिस्ट



ग्राउंड वाटर द्वारा दिनांक 23 मई, 2023 को विकास भवन में स्थापित जल शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में किये जा रहे जल शक्ति अभियान से सम्बन्धित गतिविधियों को संज्ञान में लिया गया तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, गैना का निरीक्षण भी किया गया। पेयजल निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में निर्मित सौड़लेख रेन वाटर हार्वेस्टिंग टेंक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम सौड़लेख में विभिन्न वर्षों में निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का निरीक्षण किया गया। सौड़लेख योजना निरीक्षण के दौरान श्रीमती रमा गोस्वामी, जिला विकास अधिकारीआरएस धर्मशक्तू, अधिशासी अभियन्ता, पेयजल निगम दिनेश सिंह दिगारी, सहायक परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, श्रीमती आशा मेहता, खण्ड विकास अधिकारी, मूनाकोट तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। केन्द्रीय नोडल अधिकारियों द्वारा नगर पंचायत गंगोलीहाट में स्थित जान्हवी नौला, ग्राम्या जलागम प्रभाग द्वारा ग्राम पंचायत उप्राड़ा में निर्मित अमृत सरोवर तथा मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत उपाड़ा में निर्मित झील का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती रमा गोस्वामी, जिला विकास अधिकारी धीरज जोशी, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड सुरेश मौर्या, सहायक निदेशक, ग्राम्य, शमीम अहमद, खण्ड विकास अधिकारी, गंगोलीहाट व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को सभी सुविधाए चिकित्सालय में देने के निर्देश दिए। डीएम ने मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने व रक्त परीक्षण के लिए मजबूर नही करने, चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था दुरस्त रखने, मरीजों से मर्यादित व्यवहार करने,पर्याप्त पानी, बिजली सहित अन्य मूलभूत व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी से चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली।जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारी को अस्पताल में आवश्यक दवाइयां,मरीज को बाहर की दवाइयां नही लिखने,रक्त परीक्षण के लिए अस्पताल में सरकारी जाँच की व्यवस्था, करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया, इसके बाद उन्होंने



आपरेशन थियेटर,एक्सरे व अल्टासाउंड रूम तथा वहां की सुविधाओं उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करके मरीजों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान उन्होंने आयुष्मान डेस्क का निरीक्षण किया तथा वहां की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को सरकारी और जनऔषधि से ही दवाईयां लिखने के निर्देश दिए, साथ ही बाहर से लैब जांचे और बाहरी दवाईया लिखने और महंगी दवाइयां लिखने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गुज्याल, तहसीलदार तितिक्षा जोशी आदि मौजूद थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आस्ट्रेलिया की यात्रा

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आस्ट्रेलिया यात्रा को कई लिहाज से बेहद अहम माना जा सकता है। दुनिया भर में भारत की अहमियत को जिस रूप में दर्ज किया जा रहा है, उसमें स्वाभाविक ही आस्ट्रेलिया के साथ कारोबार से लेकर कूटनीति तक कई स्तरों पर परस्पर संबंधों के मजबूत होने की जमीन और पुख्ता हुई है। इस बीच एक अहम पहलू यह भी रहा कि पिछले कुछ समय से आस्ट्रेलिया में अराजक तत्त्वों की ओर से मंदिरों पर होने वाले हमलों को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही थी, उस पर भारत ने सख्त आपत्ति दर्ज की। हालांकि आस्ट्रेलिया का स्थानीय प्रशासन इस मसले पर कानूनी कार्रवाई करता दिखा, लेकिन ऐसी कई घटनाओं से यही लग रहा था कि संभवत: किसी संगठन या समूह की ओर से मंदिरों पर हमलों को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के सामने यहां तक कहा कि ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी, जिससे आपसी रिश्तों को नुकसान हो। यानी एक तरह से भारत ने इस मसले पर स्पष्ट रुख अख्तियार किया है। शायद यही वजह है कि आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को इस बात का भरोसा देना पड़ा कि वहां मंदिरों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया में पिछले कुछ महीनों के दौरान मंदिरों पर हमले की घटनाओं में तेजी देखी गई। इस क्रम में कई अलग-अलग मंदिरों पर हमले किए गए, तोड़फोड़ की गई, भारत को लक्षित करके आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इस तरह की गतिविधियों का आरोप वहां गोपनीय तरीकों से काम करने वाले खालिस्तान समर्थक समूहों पर लगा। लेकिन हैरानी की बात है कि कानून-व्यवस्था और प्रशासन की कसौटी पर बेहतर माने जाने वाले देश में इस तरह की अवांछित गतिविधि को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली। जबकि आज आधुनिक तकनीकी से लैस सुरक्षा व्यवस्था के दौर में सरेआम अराजक गतिविधियों को अंजाम देकर आसानी से बच निकलना किसी के लिए भी मुश्किल है। हालांकि ऐसे हमलों के बाद आस्ट्रेलिया की ओर से खालिस्तान समर्थकों की आलोचना की गई थी, लेकिन अगर किन्हीं हालात में ऐसी हरकतें करने वाले बचे रहते हैं तो इसमें शासन की उदासीनता या लापरवाही मुख्य कारण होती है। इस लिहाज से देखें तो मंदिरों पर हमले के संदर्भ में भारत की ओर से प्रधानमंत्री ने जिस तरह स्पष्ट भाषा में आपत्ति दर्ज की, वह वक्त की जरूरत है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत के साथ परस्पर संबंधों को मजबूत बनाने की अपेक्षा करने के साथ-साथ आस्ट्रेलिया अपने यहां अराजक तत्त्वों को काबू में करने और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने को लेकर शिथिलता नहीं बरतेगा। अगर आस्ट्रेलिया इस मसले पर सकारात्मक रुख दिखाता है तो यह वैसे अन्य मामलों में भी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने में मददगार साबित होगा, जिसके तहत दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को मजबूत करने और हरित हाइड्रोजन के क्षेत्रों में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। इस संदर्भ में यह भी अहम है कि आस्ट्रेलिया बंगलुरु में नया महावाणिज्य दूतावास खोलेगा, जिससे दोनों देशों को कारोबार और आधुनिक तकनीकी साझा करने के मामले में मदद मिले। इसके अलावा, जी-20, व्यापार और रक्षा क्षेत्र के साथ-साथ सैन्य सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत जिस ओर बढ़ी है, उसे बदलते विश्व में एक जरूरत के तौर पर भी देखा जा सकता है।

# राज्यपाल ने किया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी का किया भ्रमण

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को डॉ0 रघुनंदन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल का भ्रमण किया। अकादमी पहुंचने पर महानिदेशक बी.पी. पाण्डेय एवं वरिष्ट संकाय अधिकारियों द्वारा राज्यपाल का स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने अकादमी में आपदा प्रशिक्षण गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण एवं जानकारी प्रदान की गई। राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित होने वाले आधारभूत व सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षु अधिकारी हेतु "गवर्नर ट्रॉफी" की घोषणा की। यह ट्रॉफी प्रत्येक वर्ष अकादमी में आयोजित होने वाले आधारभूत व सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी सोच एंव विचार के केंद्र में सेवा, समर्पण और सुशासन के त्रिशूल को धारण करें। अधिकारी अपनी सोच, विचार और धारणा इस प्रकार रखें जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंच सकें। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारी "सेवा परमो धर्म:' को आत्मसात हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने खड़े व्यक्ति की समस्याओं को अवश्य सुने और उन समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के युग में हमें तकनीकी का प्रभावी उपयोग कर अपने कार्यों को और अधिक बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि अकादमी पूरे देश में एक सर्वश्रेष्ठ अकादमी के रूप में अपने आप को स्थापित करने का प्रयास करे। उन्होंने






प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा निर्मित आर्टिफिशियल क्लाइंबिंग वॉल का लोकार्पण किया। जहां प्रशिक्षकों द्वारा एक संक्षिप्त डेमो भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अकादमी में सराहनीय सेवा के लिए पांच संकाय अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महानिदेशक द्वारा राज्यपाल को अकादमी की विभिन्न अवस्थापना संरचनाओं व को प्रदान की जायेगी। साथ ही उन्होंने अकादमी के पुस्तकालय हेतु 108 किताबें देने की घोषणा की। इस दौरान राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित हो रहे सेवा-प्रवेश प्रशिक्षण तथा स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों एवं अकादमी के संकाय अधिकारियों को संबोधित किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण, और दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर राष्ट्र, समाज व लोगों की सेवा करने का प्रयत्न करें। उन्होंने कहा कि एक कर्मयोगी की तरह अधिकारी को अपने दायित्वों को निभाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी अधिकारी फील्ड में जाकर अंतिम छोर पर कहा की अकादमी स्थानीय स्तर की चुनौतियों पर अध्ययन कर उनके समाधान खोजने का भी कार्य करे। उन्होंने कहा की अकादमी भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु भी समाधान खोजने पर भी मंथन एवं विचार करे। इस अवसर पर अकादमी महानिदेशक बी.पी. पाण्डेय, वरिष्ट संकाय सदस्य और प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन्मभूमि हाई स्कूल में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप, राय कालोनी स्थित जन्मभूमि हाई स्कूल में कल 26 मई को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक क्षेत्र की जनता के हित में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते विद्यालय के प्रबंधक डा. सुमित राय ने बताया कि शिविर में काशीपुर रोड स्थित पाण्डेय हॉस्पिटल के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक व स्टाफ रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उपयुक्त सलाह देंगे। उन्होंने बताया शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, कमर दर्द, घुटना दर्द सहित अन्य कई रोगों की जांच की जायेगी। साथ ही शूगर तथा ब्लड प्रेशर की जांच नि:शुल्क होंगी। इसके अतिरिक्त शिविर में आए रोगियों को नि:शुल्क दवाएं भी दी जायेंगी।डा. राय ने समस्त क्षेत्रवासियो से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करा कर शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

# खाईबाड़ी करता सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक सट्टेबाज को खाईबाड़ी करते सट्टा पर्ची व हजारों रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा थाने में नियुक्त कानि. मुन्ना सिंह व रिजवान अली रात्रि गश्त रहे थे। इसी दौरान गांधीनगर में एक व्यक्ति खाईबाड़ी करता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरीश चन्द्र सुयाल पुत्र टीकाराम सुयाल, निवासी शक्ति प्रगति बिहार पुरानी आईटीआई बरेली रोड बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पेन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 2050 रूपये बरामद हुए। पुलिस ने हरीश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के पार खोखा संचालक छिपाकर बेच रहा है कच्ची शराब

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी नशे के गैर कानूनी कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिले भर में जहां एक और सघन तरीके से अभियान चलाए हुए हैं वहीं दूसरी ओर कुछ भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की कार्यशैली के चलते गोरखधंधा पर्दे के पीछे से खूब फल-फूल रहा है। नगर क्षेत्र की बात करें तो टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर कच्ची शराब के महफूज अड्डे हैं जहां कानून को ताक पर रखकर डंके की चोट पर कारोबारी अवैध कच्ची शराब के धंधे में लिप्त बताए जा रहे हैं। टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के पार शुगर फैक्ट्री गेट के समीप खोखा रखकर कथित तौर पर दुकान चलाने वाला युवक बड़े पैमाने पर कच्ची शराब की बिक्री करता बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि खोखे के पीछे स्थित भांग के झुरमुट में वह कच्ची शराब की खेप को बड़ी ही आसानी से जमा कर लेता है और फिर ग्राहकों को मनमानी दाम पर जहरीली शराब बेचने का काम कर रहा है। पूर्व में कई बार खोखा संचालक तथा उसका भाई कच्ची शराब के मामले में सुर्खियों में भी रहे हैं। इसी तरह रेलवे क्रॉसिंग के इस पार चाय की दुकान पर बैठकर एक हिस्ट्रीशीटर खुद के संरक्षण में कच्ची शराब की बिक्री करने का काम कर रहा है। हिस्ट्रीशीटर पर थाना कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं। जहरीली कच्ची शराब की बिक्री करने का इसका अंदाज थोड़ा अलग है। जानकार बताते हैं कि इसके परिजन रेलवे लाइन के किनारे स्थित मकान की खिड़की से कच्ची शराब की थैली झोले में करके लटकाने का काम करते हैं इसी तरह थैली का दाम भी नीचे से ऊपर झोले में खींच लिया जाता है। यह कारनामा पिछले कई वर्षों से रेलवे लाइन के किनारे चल रहा है। टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक बुढ़िया भी अवैध कच्ची शराब के धंधे में पिछले कई वर्षों से लिप्त है। यह महिला भी पूर्व में कई बार कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ी गई लेकिन गैर कानूनी कार्य से इसने तौबा नहीं किया। इसी तरह कोयले की प्लेटफार्म के पास स्थित सुअरों के कारोबार से जुड़े एक परिवार के सगे भाई व परिजन अवैध कच्ची शराब के धंधे में लिप्त बताए जा रहे हैं। दढियाल रेलवे क्रॉसिंग के पार एक मुर्गे की दुकान पर भी अवैध शराब बेचे जाने की सूचना है।रेलवे के दायरे में दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब तथा मादक पदार्थों के बिक्री का गोरखधंधा खूब फल फूल रहा है लेकिन सुरक्षा बल मामले को लेकर गंभीर नहीं है। आरपीएफ के एक दरोगा जी अक्सर ऐसे ही अड्डों के आसपास बैठे दिखाई देते हैं जहां से कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। देखा जाए तो रेलवे के दायरे में नशे का बढ़ता कारोबार एक और जहां असुरक्षा के माहौल को बढ़ावा दे रहा है वहीं दूसरी ओर दुर्घटनाओं की आशंका भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। रेलवे के उच्चाधिकारियों को समय रहते इन बातों पर गौर करना होगा अन्यथा भविष्य के परिणाम गंभीर होंगे।

# स्नातक की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कांडा(उद संवाददाता)। कांडा थाना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती ने आत्महत्या कर ली, बांसतोली निवासी 22 साल की बेटी ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकार आत्महत्या कर ली है। वह कांडा डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में पढ़ती थी। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने तथा पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।वही मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांसतोली निवासी बसंत राम की 22 साल की लड़की नीमा ने मंगलवार की शाम करीब सात बजे अपने पुराने मकान में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। छोटी बहिन ने मकान का दरवाना खोलना चाहा तो वह अंदर से बंद था। ममता ने नये मकान में रह रहे माता-पिता को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने ऊपर आकर दरवाजा तोड़ा तो उनके होश उड़ गए। नीमा फांसी के फंदे पर झूली थी। उन्होंने आनन-फानन में रस्सी काटी और उसे लेकर सीएचसी कांडा ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने मैमो पुलिस को भेजा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। पंचनामा भरने के बादपोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष विवेक भट्ट ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मामले में किसी ने कोई तहरीर नहीं सौंपी है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के पिता डिग्री कॉलेज कांडा डिग्री कॉलेज में पीआरडी जवान के पद पर तैनात हैं।

# चरस तस्करी के आरोपी को दस साल की सजा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विशेष सत्र न्यायाधीष राजीव कुमार खुल्वे ने चरस तस्करी के आरोपी पर अपना फैसला सुनाया है, मामले में गहनता से विवेचना में सभी पक्षों, गवाहों को सुनते हुए दोष सिद्ध करते हुए उसे दस साल के सश्रम कारवास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।घटना के अनुसार 21 जून 2021 को कपकोट पुलिस द्वारा गांसू पुल के समीप वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी कर्मी की ओर से दो व्यक्ति मोटर साइकिल में आते दिखाई दिए पुलिस को देखते हुए बाइक वाले वापस जाने लगे जिस पर पुलिस को शक हुआ तथा बाइक संख्या यूके- 04 एम 5719 पर बैठे युवकों से पूछताछ की। एक युवक ने अपना नाम खिलाफ राम पुत्र हर राम निवासी तीख बताया व कहा कि वह चरस लेकर आ रहा है उसकी बरेली में कपड़े की दुकान है। कहा कि वह बदियाकोट से चरस लेकर आ रहा है। पीछे बैठे व्यक्ति के बारे में बताया कि वह उसे रास्ते में मिला जिसे वह लिफट देकर कपकोट ला रहा है। पुलिस ने इस पर तहसीलदार कपकोट को इसकी सूचना दी। तहसीलदार ने युवक के बैग की तलाशी ली तो उनके बैग से चरस बरामद हुई जिसका वजन 1.144 किग्रा था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोविंद बल्लभ उपाध्याय व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने न्यायलय में कुल दस गवाह परीक्षित कराए। विशेष सत्र न्यायाधीश ने मामले में गवाहों के मौजूद साक्ष्य, एफएसएल की परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आरोपी खिलाफ राम को एनडीपीएस में दोष सिद्ध पाते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही एक लाख रूपये के अर्थदड से दंडित किया, साथ ही कहा कि अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# विराट धर्म सम्मेलन व श्री हरि प्राकट्योत्सव समारोह 9 जून से

गढ़ीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम, कामां के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्यपुरी जी महाराज का 63 वां प्राकट्योत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन श्री हरि प्राकट्योत्सव आयोजन समिति, गढ़ीनेगी द्वारा यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में आगामी 9 जून से 12 जून तक हरि भक्तों के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत 9 जून से 11जून तक प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक महाराज श्री का दिव्य संदेश होगा। 11 जून दिन रविवार को प्रात: 7 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। जो श्री हरि कृपा आश्रम से प्रारंभ होकर एएन झा इंटर कालेज, करनपुर गढ़ीनेगी तक प्रस्थान कर वापस श्री हरि कृपा आश्रम वापस लौटेगी। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सर पर कलश धारण कर प्रतिभाग करेंगी। तत्पश्चात प्रात: आठ बजे से अखण्ड मानस पाठ का शुभारंभ किया जायेगा एवं सायं 4 से 6 बजे तक महाराज श्री के दिव्य प्रवचन होंगे। 12 जून दिन सोमवार को प्रात: 8 बजे श्री अखण्ड मानस पाठ का समापन किया जायेगा। जिसके पश्चात 9 बजे से 1 बजे तक भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महाराज श्री का दिव्य संदेश होगा। जिसके पश्चात 1 बजे से सायं 4 बजे तक विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन गायक, हजारों की संख्या में हरि भक्त, प्रमुख संत, महापुरुष, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेतागण आदि पधार रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी जनता से सपरिवार उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ एवं श्री गुरु जी का आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की है। समिति द्वारा बाहर से आने वाले सभी हरि भक्तों के ठहरने व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

# उच्चतम न्यायालय में छात्रों का पक्ष रखेंगे कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। चारों ओर से निराशा हाथ लगने के बाद कला विषय के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने पूर्व दर्जा मंत्री एवं उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक के कैंप कार्यालय में जाकर उनसे वार्ता की तथा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने श्री कर्नाटक से कहा कि नवंबर 2020 में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक अध्यापक के पदों हेतु विज्ञापन जारी किया था जिसमें एलटी कला वर्ग के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।जिसमें शैक्षिक योग्यता इस भर्ती सेपूर्वजारी विज्ञप्ति के अनुसार ना होकर कला अध्यापक हेतु बीएड प्रशिक्षण योग्यता रखी गई थी।परंतु कला वर्ग के छात्रों द्वारा किए गए आंदोलन को देखते हुए एवं छात्र हित को देखते हुए सरकार द्वारा उक्त विज्ञापन में संशोधन कर बीएड प्रशिक्षण योग्यता को हटाकर संशोधित विज्ञप्ति जारी कर 25 फरवरी 2021 को पुन: कला वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। सभी कला वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा मेहनत कर परीक्षा में अगस्त 2021 में प्रतिभाग किया गया था।लेकिन कुछ बीएड प्रशिक्षित परीक्षार्थियों द्वारा उक्त परीक्षा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया।जबकि माह फरवरी में विज्ञापन संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई एवं अगस्त 2021 में परीक्षा संपादित कराई गई। परीक्षा देने के उपरांत इतना अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत कुछ परीक्षार्थियों के स्वयं के स्वार्थ निहित होने के कारण उक्त परीक्षा परिणाम को अनावश्यक रूप से लटकाए रखा। तत्पश्चात माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त परीक्षा परिणाम को घोषित करने का फैसला सुनाया तथा बाद दायर करने वाले हेतु 15 पद आरक्षित करने का निर्देश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग को दिया। इसके उपरांत उक्त परीक्षार्थियों द्वारा उक्त फैसले को माननीय उच्च न्यायालय के डबल बैंच में चुनौती दी गई तथा दिनांक 15 मई को न्यायालय द्वारा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करते हुए नए सिरे से एन सी टी ई के मानकानुसार परीक्षा कराने हेतु निर्देशित करने का फैसला सुनाया। ज्ञापन में कहा गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को देखते हुए लगता है कि स्टैंडिंग काउंसिल द्वारा परीक्षार्थियों का पक्ष सही ढंग से नहीं रखा गया। एवं उनसे युवा वर्ग का साथ देने की अपील की। श्री कर्नाटक को सौंपे ज्ञापन में छात्र छात्राओं ने कहा कि श्री कर्नाटक की लोकप्रियता एवं आम जनमानस के प्रति सक्रियता को देखते हुए सभी कला वर्ग के छात्र आज उनकी शरण में आए हैं ताकि उन सभी को न्याय मिल सकें। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि



कला वर्ग के बहुत से छात्र निर्धन परिवार से है जो कि बड़ी मुश्किल से अपनी पढ़ाई पूरी कर पा रहे हैं। ऐसे में पढ़ाई के साथ वे न्यायालीय विवादों से निपटने में अक्षम है। कई परीक्षार्थी अधिकतम आयु सीमा के कारण अगली परीक्षा नहीं दे पाएंगे। श्री कर्नाटक ने छात्र छात्राओं के सामने ही अपने सर्वोच्च न्यायालय के साथी अधिवक्ताओं से इस संबंध में वार्ता की एवं मजबूती के साथ अपील करते हुए छात्र छात्राओं का पक्ष रखने की बात की।इसके साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि इस गंभीर मुद्दे को वे जल्द ही सूबे के मुख्यमंत्री के सम्मुख रखेंगे।

# महिला मोर्चा की राष्ट्रीय नेत्री ऊषा का किया स्वागत

पंतनगर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्रीमती उषा बाजपेई के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्रीमति ऊषा बाजपेई 26 और 27 मई को जनपद उधम सिंह नगर रहेंगी और इस दौरान उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। 27 मई को प्रेस वार्ता भी करेंगी।आज पंतनगर एयरपोर्ट पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति बिमला मुंडेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्रीमती उषा बाजपेई का स्वागत किया। बाद में आयोजित बैठक में श्रीमती बाजपेई ने कहा कि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व का लोहा मान गया है। मोदी कार्यकाल में देश की दिशा और दशा बदली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उत्तराखंड प्रवासी कार्यक्रम में जुटने का आह्वान किया।भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमति बिमला मुंडेला ने कहा कि महिला मोर्चा कार्यकर्ता उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटी हुई है। बैठक में महामंत्री स्वाति शर्मा, रजनी रावत, शैली फुटेला, रेणुका चौधरी, रितु अग्रवाल, जानकी तिवारी, माधुरी, जिला मीडिया प्रभारी चंद्र कला राय, करुणा तिवारी, आरती दुबे आदि मौजूद थी।



# अवैध लकड़ी से भरा वाहन पकड़ा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी गौला के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल को बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि सितारगंज किच्छा मार्ग से 1 छोटा हाथी अवैध रूप से सेमल चिरान की चोरी कर ले जाया जा रहा है। सूचना पर तुरंत वन सुरक्षा दल की टीम द्वारा उक्त मार्ग पर घेराबंदी की गई।सितारगंज किच्छा मार्ग में यूके 06सीए2703 को आते देख जांच हेतु रोकने का इशारा किया गया। टीम को देखकर वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध रूप से लायी गयी सेमल की लकड़ी पायी गयी। वाहन संबंधी आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर नहीं मिले। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से शक्तिफार्म वन चौकी परिसर में कपिल कुमार , वन आरक्षी बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिये गया है। टीम में वन सुरक्षा दल , दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता,वन दरोगा निर्मल रावत वन दरोगा, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी, सोनू कुमार वन आरक्षी, वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।



# एंटी ड्रग सेल ने चलाया जागरूकता अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के एंटी ड्रग सेल के तत्वधान में महाविद्यालय के निकटवर्ती गांव रामजीवनपुर नंबर दो में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मादक द्रव्य से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में प्रभावशाली ढंग से घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया। इस संबंध में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों की एक टोली ने गांव के प्राथमिक पाठशाला में पहुंचकर शिक्षक एवं विद्यार्थी वर्ग के साथ मादक



द्रव्यों के सेवन के विरोध में शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। छात्र छात्राओं ने ग्राम प्रधान फुरकान अंसारी के सहयोग से सभा भी आयोजित की जिसमें नशा मुक्ति के उद्देश्य से संबंधित विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय एंटी ड्रग्स सेल के संयोजक डॉ हरिप्रसाद, सदस्य प्रमोद वर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार, तथा प्राध्यापिका प्रभजोत कौर एवं 29 छात्र-छात्राएं कार्यस्थल पर उपस्थित रहे जिनमें शशांक, विदिशा, विकास, राहुल, कुर्बान अली आदि छात्र-छात्राओं ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया।

# अवैध खनन सामग्री से लदा ट्रक सीज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी गौला के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत किच्छा सितारगंज मार्ग से 14 टायरा ट्रक में रेता अवैध रूप से बिना रॉयल्टी के चोरी कर ले जाने की सूचना पर वन सुरक्षा दल की टीम ने किच्छा सितारगंज मार्ग पर ट्रक संख्या यूपी 24टी -7030 को रूकवा लिया। टीम को देखकर वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खडा करके फरार हो गया।



वाहन की तलाशी लेने पर वाहनों में लगभग 500 कुंटल उपखनिज रेता लदा पाया गया। वाहन की खाना तलाशी में रेता संबंधी आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर नहीं मिला। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से ढोला वन चौकी परिसर में मुजाहिद हुसैन वन बीट अधिकारी बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया। टीम में वन सुरक्षा दल , दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता,वन दरोगा, निर्मल रावत वन दरोगा नरेंद्र पांडे वन आरक्षी, सोनू कुमार वन आरक्षी, वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**मुठभेड़ में दबोचा...**हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर इशितयाक उर्फ मोनू के बारे में उत्तराखण्ड एसटीएफ को कल रात्रि गोपनीय सूचना मिली थी कि वह उत्तराखण्ड की सीमा पर आ रहा है। जिस पर एमटीएफ द्वारा स्थानीय पुलभट्टा पुलिस से सम्पर्क कर उन्हें साथ लेकर क्षेत्र में उसकी घेराबन्दी की गयी। जैसे ही टीम द्वारा उसको पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरु कर दी। टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायर करते हुए घेराबंदी कर बदमाश को मौके पर ही धर दबोचा गया। गिरफ्तार इशितयाक ने पूछताछ में एसटीएफ को बताया कि वह वर्ष 2008 सें हथियारों की तस्करी कर रहा है । यह उप्र के एटा, कानपुर मप्र के मुरैना, राजस्थान के अन्य से हथियार मंगाकर हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में सप्लाई करता आ रहा है. इसी के चलते उसके खिलाफ कई राज्यों में आर्म एक्ट के मुकदमें दर्ज है। उसने बताया उसके द्वारा अब तक करीब 400 पिस्टल रिवाल्वर की तस्करी उप्र व उससे लग राज्यों में की जा चुकी है। गिरफ्तार इशितयाकने बताया कि उन्होनें हथियारों की सप्लाई के लिए कोडवर्ड भी बना रखे ताकि बातचीत व फोन में किसी को शक ना हो इसके लिए यह पिस्टल को (गाडी) व कारतूसों को कैप्सूल करते है, पिस्टल से करीब तीस हजार में मिलती है आगे 40 में पार्टी को बेच देते हैं। इस प्रकार एक पिस्टल में से 10 हजार का मुनाफा हो जाता है। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि और किशोर कुमार की विशेष भूमिका रही । एमएमपी एसटीएफ आयुष ने बताया कि द्वारा किया गया इशितयाक उर्फ मोनू हथियारों का बड़ा सौदागर है।पुलिस ने उसके पास से दो देशी पिस्टल सेमी ऑटोमेटिक, एक देशी रिवाल्वर 38 बोर, दो देशी तमंचे 22 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा, 7590 रूपये नगद व एक मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एजे 3180 बरामद की गई। उन्होंने बताया कि इशितयाक के विरूद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ एसटीएफ सुमित पांडे आदि मौजूद थे। पकड़ने वाली टीम में एसटीएफ के उप निरीक्षक बृजभूषण गुरूरानी, मुख्य आरक्षी किशोर कुमार, महेन्द्र गिरी, आरक्षी गुरवंत सिंह, कां. विरेन्द्र सिंह चौहान, अमरजीत सिंह, मुख्य आरक्षी संजय कुमार थाना पुल पट्टा पुलिस टीम के उपनिरीक्षक पवन जोशी, मुख्य आरक्षी फिरोज खान, रविकांत शुक्ला शामिल थे।एसएसपी एसटीएफ ने टीम को दस हजार का ईनाम देने की घोषणा की है।

**देहरादून को मिली...**आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा। इससे पहले, इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह रेलवे का स्वर्णिम युग है। स्वदेश में निर्मित सेमी हाईस्पीड ट्रेन यहां से चलने जा रही है। जल्द ही दुर्गम इलाकों में भी ऐसी ट्रेनें चलाई जाएंगी। पहाड़ के लिए यह सब सपना था। जल्द ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक ट्रेन चलेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज बहुत सौभाग्य का दिन है..पीएम आज देवभूमि को वंदे भारत की बहुत बड़ी सौगात दे रहे हैं। आज से 10 साल जब रेलवे की विकास की बात आती थी तो केंद्र सरकार की तरफ से 187 करोड़ रुपए मिलते थे और 2014 में मोदी जी जब आए तो उन्होंने तुरंत उत्तराखंड के लिए फंड की व्यवस्था की। उत्तराखंड में रेलवे के लिए 2000-4000 करोड़ रुपए तक की व्यवस्था की और इस बार उन्होंने 5000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की। उद्घाटन समारोह से पहले केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार छात्रों से बातचीत की। उधर, ट्रेन को देखने और सेल्फी लेने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे।

**पेट्रोल टैंकर...**दुर्घटना में 24 वर्षीय भूपेंद्र शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा जलाभपुर गड्डू आरसी पुरम कॉलोनी नजीबाबाद यूपी की मौत हो गई। जबकि 30 वर्षीय सुमित पुत्र सुरेश कुमार, निवासी यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल घायल हो गया।

# इंटरार्क मजदूर संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंटरार्क मजदूर संगठन के नेतृत्व में इंटरार्क कंपनी सिडकुल पन्तनगर व किच्छा के मजदूरों द्वारा उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश को लागू कराने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में श्रमिकों ने कहा कि जिला प्रशासन की मध्यस्थता में 15 दिसंबर 2022 को हुए लिखित समझौते के अनुसार इंटरार्क कंपनी सिडकुल पन्तनगर एवं किच्छा के 32 मजदूरों को 3 माह की ओडी पर उत्तराखंड राज्य से बाहर भेजा गया था ।जब उक्त 32 मजदूरों में से 28 मजदूर 3 माह की ओडी पूर्ण कर वापस लौटे तो कंपनी प्रबंधन द्वारा उक्त 28 मजदूरों की 3अप्रैल 2023 से गेटबन्दी कर दी गई । उक्त 28 मजदूरों सहित उपरोक्त सभी 32 मजदूरों का उत्तराखंड राज्य से बाहर अविधिक रूप से स्थानांतरण कर दिया गया । एएलसी और डीएलसी द्वारा उक्त 28 मजदूरों की कार्यबहाली कराने हेतु कई बार लिखित रूप से निर्देश जारी किए गए और कानूनी कार्यवाही करने की लिखित में चेतावनी दी गई ।किन्तु इसके पश्चात भी प्रबंधन द्वारा उक्त 28 मजदूरों की आज तक भी कार्यबहाली नही की गई है । यूनियन द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की और 32 मजदूरों का उत्तराखंड राज्य से बाहर अविधिक रूप से किये गए उक्त स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की गई। जिस पर माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा 24 मई 2023 को आदेश देकर उक्त 32 मजदूरों के उत्तराखंड राज्य से बाहर स्थानांतरण करने के उक्त अविधिक कृत्य पर रोक (स्टे) लगा दिया है। श्रमिकों ने एसडीएम से सभी 28 मजदूरों की सवैतनिक कार्यबहाली कराने और उक्त 28 मजदूरों सहित उक्त समस्त 32 मजदूरों के उत्तराखंड से बाहर किये गए गए उक्त अविधिक स्थानांतरण पर रोक लगाकर और प्रबंधन को दंडित कर उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा दिये गए उक्त आदेश का पालन कराने ,जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए लिखित समझौते एवं डीएलसी एएलसी द्वारा दिये गए उक्त निर्देशों को सख्ती से लागू कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सौरभ कुमार ,उदयसिंह, संजय सिंह, प्रभु दयाल ,बबलू कुमार, राजेश आर्य, भूपेंद्र पटेल ,नरेंद्र मणि त्रिपाठी ,रामबचन विशाल कुमार, मंगल सिंह ,रविंद्र सिंह आदि कई मजदूर साथी उपस्थित थे ।



# गांधी कालोनी में पकड़ी विद्युत चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण में गांधी कालोनी में एक भवन में विद्युत चोरी का मामला पकड़ भवन स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। जानकारी के अनुसार प्रकाश चन्द्र शाह उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर, सुभाष चंद शर्मा अवर अभियन्ता, महेन्द्र कुमार लाईनकमी बाबूपाल संविदा कर्मा विद्युत चैकिंग कर रहे थे इसी दौरान शोयब पुत्र हामिद अली निवासी गांधी कॉलोनी के भवन में विद्युत चोरी करते केबल कब्जे में ले ली।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
125 YARD DUPLEX VILLA
₹ 46 L
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
घर आपका... COLOUR आपकी पसंद का
घर आपका... TILES आपकी पसंद की
FREE
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर,
86504-18000